18

प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णियाँ

पत्रांक 1250

प्रेषक,

आयुक्त,
पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
पूर्णियाँ / कटिहार / अररिया / किशनगंज।

पूर्णियाँ, दिनांक 09.5.22

विषय :– **प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं संवेदनशील बनाने के संबंध में।**

प्रसंग :– **मुख्य सचिव, बिहार, पटना का पत्रांक 407 / गो0मु0स0 दिनांक 07.04.2022**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने एवं उनके सतत् अनुश्रवण हेतु सम्यक् निदेश प्राप्त हुआ है। जिससे आप भलीभाँति अवगत हैं।

2. उक्त के आलोक में सभी पदाधिकारियों को सप्ताह के प्रत्येक सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को यथासंभव मुख्यालय में रहकर कार्य करने का निदेश दिया गया है साथ ही यह भी निदेश दिया गया है कि प्रत्येक सप्ताह के बुधवार एवं गुरूवार को सभी संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों का सतत् निरीक्षण एवं समीक्षा करेंगे तथा प्रासंगिक पत्र में दिये गये निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

3. इस संबंध में कहना है कि इस मामले में अपने स्तर से सम्यक् कार्रवाई करने के साथ–साथ अपने जिले के सभी अधीनस्थ पदाधिकारियों (यथा–उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य) को भी प्रासंगिक पत्र में दिये गये निदेश से अवगत कराते हुए विभागीय निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराई जाय एवं कृत कार्रवाई से अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

9/5/22

आयुक्त
पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ।

O/C

D:\Manoj1\Rasid ji\Letter